# पानी नहीं तो करेंगे योजनाओं का बहिष्कार

**नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना से वंचित ग्रामीणों में आक्रोश**

**ग्रामीणों ने दी चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी**

नवभारत न्यूज

**सीहोर/इछावर 7 मार्च. नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना से वंचित रह गए इछावर तहसील के दर्जनभर गांवों में अब आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है. ग्राम दुदलई में उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब बिजली वितरण कंपनी की टीम घरों में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची. ग्रामीणों ने एकजुट होकर इसका विरोध किया और किसी भी घर में स्मार्ट मीटर लगाने की अनुमति नहीं दी. विरोध के चलते बिजली कंपनी की टीम को बिना मीटर लगाए ही गांव से लौटना पड़ा.**



**समस्या नहीं सुलझी तो ग्रामीण करेंगे आंदोलन**

ग्राम दुदलई के किसान राजेश जाट, पन्नालाल, कैलाश जाट, जगदीश शर्मा, रामेश्वर, महेश और संतोष सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मिलकर अपनी समस्या रख चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया. ग्रामीणों के अनुसार यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो वह आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे. सरपंच रामचरण बामनिया और योगेश जाट ने बताया कि परियोजना से वंचित अधिकांश गांव पठारी क्षेत्र में स्थित हैं, जहां गर्मी के शुरुआती दिनों में ही पानी की गंभीर समस्या पैदा हो जाती है.

इस दौरान ग्रामीणों ने शासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनके गांवों को नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना में शामिल नहीं किया गया तो वे शासन की योजनाओं का बहिष्कार करने परमजबूर होंगे. ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से पानी की समस्या झेल रहे इन गांवों को परियोजना से बाहर रखना उनके साथ अन्याय है.

क्षेत्रवासियों के अनुसार शासन द्वारा जिले में पेयजल आपूर्ति और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करोड़ों रुपए की लागत से नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना शुरू की जा रही है. इस महत्वाकांक्षी योजना से कई गांवों को लाभ मिलने की उम्मीद है, लेकिन इछावर तहसील के कुछ गांव अब भी इससे वंचित हैं।

## दोहरे हत्याकांड में चार आरोपी गिरफ्तार

**आष्टा.** सिद्धिकगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धरमपुरी में परीक्षा देने जा रहे भाई-बहन की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वन भूमि के पुराने विवाद और एक सड़क दुर्घटना को लेकर पनपी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया.

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को फरियादी जगदीश आ. गंगाराम निवासी ग्राम धरमपुरी थाना सिद्धिकगंज ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पुत्र कुलदीप और पुत्री शीतल परीक्षा देने जा रहे थे, तभी आरोपियों ने उन पर हमला कर उनकी हत्या कर दी. एसडीओपी दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार आरोपियों में हेमंत उर्फ संजू आ. हरीसिंह, सेवंता बाई पति हरीसिंह मालवीय, हरीसिंह आ. गंगाराम मालवीय व हेमलता बाई शामिल हैं.

# बगैर मुंडेर के कुएं में डूबा बालक

## खिलचीपुर क्षेत्र के ग्राम बोरदा के यहां हुई घटना में बालक का प्राणांत

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 07 मार्च, सं. खिलचीपुर थानांतर्गत ग्राम बोरदा के समीप शनिवार सुबह हुई एक घटना में बगैर मुंडेर के कुएं में एक 13 वर्षीय बालक डूब गया. घटना में बालक का दु:खद प्राणांत हो गया.**



पुलिस के अनुसार घटना के समय बालक, बकरियां चराने गया हुआ था जो कि बगैर मुंडेर के कुएं में गिर गया. ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद बालक को कुएं से बाहर निकाला और गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया. घटना से गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया. बालक पंकज वर्मा उम्र 13 वर्ष है, बालक के पिता गोपीलाल वर्मा खिलचीपुर स्थित एसबीआई बैंक में गार्ड के रूप में कार्यरत है. ग्रामीणों के अनुसार बालक शनिवार सुबह करीब 8.30 बजे गांव के पास खेतों की ओर बकरियां चराने गया हुआ था. बताया जा रहा है कि बकरियां चराते समय उसे प्यास लगी और वह कुएं के पास पहुंचा तभी एकाएक पैर फिसलने से वह कुएं में जा गिरा.

बताया जाता है कि कुएं में गिरते ही बालक जोर-जोर से मदद के लिए चिल्लाया. इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक बाइक सवार ने बच्चे की आवाज सुनी और उसने तुरंत ग्रामीणों को इसकी सूचना दी.

# कर जमा करने के बाद रसीद सहेज कर रखें

## नगर निगम के कम्प्यूटर में नहीं मिल रहा पुराना रिकॉर्ड

नवभारत न्यूज

**सागर 7 मार्च. बुंदेलखंड के सागर संभाग की एक मात्र नगर पालिक निगम के कम्प्यूटरों में पुराना रिकॉर्ड उपलब्ध न होने के कारण उपभोक्ताओं को आर्थिक, मानसिक, शारीरिक परेशानी उठानी पड़ रही है. उपभोक्ता निगम के चक्कर लगा-लगाकर थक रहा है मगर निगम के जिम्मेदार उपभोक्ताओं की समस्याओं को निराकृत नहीं कर पा रहे हैं.**




मालूम हो कि नगर निगम सागर द्वारा जलकर, संपत्तिकर, कचरा सहित बाजार दुकानों के करों की वसूली की जाती है. जिसके लिए पुराने नगर निगम कार्यालय में ही कर जमा करने के लिए काउंटर बनाए गए हैं जो कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन के पूर्व 31 मार्च तक शनिवार-रविवार सहित अन्य अवकाशों में भी खुले रखने के आदेश कर दिए गए हैं. मगर नगर निगम के काउंटर पर संचालित कम्प्यूटरों में पुराना रिकॉर्ड उपलब्ध न होने के कारण उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं.

मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा बकाया करों की वसूली के लिए महिला ब्रिगेड, उड़नदस्ता आदि का गठन भी किया गया है. मगर कम्प्यूटर में पुराना रिकॉर्ड उपलब्ध न होने से समस्या सामने आ रही है. जलकर और संपत्तिकर के अलावा पिछले कुछ वर्षों से कचरा संग्रहण करने वाली कंपनी के बिल भी जारी किए गए हैं.

## फाग उत्सव व पारंपरिक गेर आज

**राजगढ़ 07 मार्च, का.** रंगपंचमी पर आज नगर में राजमहल प्रांगण में फाग उत्सव के साथ भव्य सांस्कृतिक रंगोत्सव का आयोजन किया जाएगा. भगवान लक्ष्मीकांत मंदिर से पारंपरिक गेर निकलेगी. हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित फाग महोत्सव कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से ब्रज और मालवा की होली की परंपराओं को जीवंत करेंगे. कार्यक्रम में राजस्थान, मथुरा, छिंदवाड़ा और भोपाल से आए करीब 30 कलाकार भाग लेंगे. कृष्ण लीला और ब्रज की पारंपरिक होली की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी. विशेष आकर्षण के रूप में लठमार होली की प्रस्तुति दी जाएगी.

# अनाज तिलहन व्यापार उत्थान संघ का होली मिलन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,शहर के स्वर्णकार कॉलोनी स्थित विनायक बैंक्विट हॉल में अनाज तिलहन व्यापार उत्थान संघ द्वारा पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर शहर के व्यापारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर, गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द तथा भाईचारे का संदेश दिया.**



समारोह में संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों और व्यापारियों का तिलक लगाकर स्वागत किया और होली पर्व की बधाई दी.कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे के साथ प्रेम और भाईचारे के साथ होली की खुशियां साझा करना रहा.होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, व्यापारी वर्ग तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य शामिल हुए.कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू हुआ और देर शाम तक चलता रहा. इस दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई, जिन्हें उपस्थित लोगों ने उत्साह के साथ देखा और सराहा.कार्यक्रम के दौरान सभी लोगों ने एक-दूसरे के माथे पर तिलक लगाकर आपसी मतभेदों को भुलाने और समाज में एकता व सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया. साथ ही उपस्थित अतिथियों और व्यापारियों ने सामूहिक रूप से भोजन भी ग्रहण किया.आयोजन में शहर के कई प्रतिष्ठित व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## कायस्थ समाज का होली मिलन समारोह आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कायस्थ सभा द्वारा आज रविवार को शेरपुरा स्थित समाज की धर्मशाला के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में गुलाल व फूलों की होली खेली जाएगी। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि भजन गायक ऋषि श्रीवास्तव द्वारा फाग गीत व भजनों क प्रस्तुति दी जाएगी.उन्होंने कायस्थ बंधुओं से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है.



## विदिशा के लाल का ब्रिटेन की संसद में सम्मान

नवभारत न्यूज

**विदिशा,विदिशा की माटी के लाल श्रेयांस जैन को ब्रिटेन की संसद के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में सम्मानित किया गया. उन्हें यह सम्मान एशियन बिजनेस काउंसिल द्वारा लंदन में श्रेष्ठ वेजिटेरियन एवं वीगन रेस्टोरेंट का सफल संचालन करने के लिए प्रदान किया गया.**

श्रेयांस जैन लंदन में नमस्ते होलबोर्न नाम से शुद्ध शाकाहारी भारतीय रेस्टोरेंट का संचालन कर रहे हैं, जो वहां भारतीय संस्कृति और शाकाहारी भोजन को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है.

यह पुरस्कार आयरलैंड की पूर्व प्रधानमंत्री बैरोनेस फोस्टर और उत्तरी आयरलैंड के शिक्षा मंत्री पीटर जेम्स वेयर द्वारा प्रदान किया गया. कार्यक्रम में जर्सी के पूर्व मुख्यमंत्री जॉन ले फोंड्रे, यूके एबीसी के चेयरमैन कोबर्न कुटे, वाइस प्रेसिडेंट सुदीप साकल्ले सहित कई सांसद और प्रमुख व्यावसायिक नेता भी मौजूद रहे.

# भाजपा नेताओं ने दिया जनता को बड़ा झटका

## ऊर्जा मंत्री बोले, स्मार्ट मीटर की कीमत तो उपभोक्ता ही चुकाएंगे, विधायक ने दिए महंगाई बढ़ने के संकेत

नवभारत न्यूज

**गुना 7 मार्च का। होली के तुरंत बाद सरकार और सत्ता प्रतिनिधित्व करने वाले भाजपा नेताओं ने जनता बड़ा झटका दिया है। शनिवार को गुना दौरे पर आए ऊर्जा मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर ने दो टूक कह दिया है कि स्मार्ट मीटर की कीमत तो आम उपभोक्ता को ही अदा करनी होगी। उन्होंने सरकार का बचाव करते हुए यह अवश्य कहा है कि ऐसा पहले भी हुआ है, इसमें कुछ नया नहीं है।**




बजट के अन्य प्रावधानों का जिक्र करते हुए प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में सरकार विस्तार कर रही है और प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या तेजी से बढ़ी है।परिवहन के क्षेत्र में क्रांति लाते हुए इस वर्ष 972 नई इलेक्ट्रिक बसें शुरू की जाएंगी।अधोसंरचना विकास पर जोर देते हुए उन्होंने जानकारी दी कि नगरीय क्षेत्रों में आवास के लिए 2,316 करोड़ और सड़कों की मरम्मत के लिए 349 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान बजट में रखा गया है, जिससे प्रदेश की सूरत पूरी तरह बदल जाएगी।

वहीं अपनी बेबाक बयानों से चर्चित गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने ईरान-इजराइल के दौरान डीजल की किल्लत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि सबल बनने के लिए कुछ कीमत तो चुकानी ही होगी। उनका इशारा संभवत: पेट्रोलियम पदार्थों की वजह से रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों पर पड़ने वाले असर को लेकर था।

मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री और जिले के पूर्व प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शनिवार को गुना प्रवास पर रहे। यहां उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश सरकार के बजट की विशेषताओं को जनता के समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने बिजली दरों में संभावित वृद्धि, स्मार्ट मीटर और बिजली कटौती जैसे महत्वपूर्ण सवालों के बेबाकी से जवाब दिए। आगामी 1 अप्रैल से बिजली की दरों में संभावित बढ़ोतरी के सवाल पर ऊर्जा मंत्री ने विद्युत कंपनी का बचाव किया है।



# पेट्रोल पंप लूट का दो घंटे में खुलासा

नवभारत न्यूज

**सांची, क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सांची पुलिस की सख्त कार्यप्रणाली लगातार नजर आ रही है.हाईवे लूट का पर्दाफाश हुए अभी 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि सांची पुलिस ने आमखेड़ा पेट्रोल पंप लूट की घटना का भी मात्र दो घंटे में खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आमखेड़ा पेट्रोल पंप के मैनेजर रविकांत शाक्या निवासी कानाखेड़ा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 जनवरी की रात करीब सवा 11 बजे पेट्रोल पंप बंद कर वह अपने घर जा रहे थे. इसी दौरान आमखेड़ा पुलिया के पास तीन अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया और गले पर छुरी अड़ाकर उनके पास से 25,800 रुपये नगद एवं मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए.घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 38/2026 धारा 30(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की.

जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन तथा एसडीओपी नीलम चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई.

पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की और भोपाल की ओर भागने की आशंका के चलते घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को पकड़ लिया. पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम राम कुशवाह (22) निवासी गरीब नगर चांदाबाड़ी छोला रोड भोपाल, निखिल वंसल (17) निवासी नगर निगम कॉलोनी छोला मंदिर भोपाल तथा हर्ष योगी (17) निवासी जिला गुना, हाल मुकाम शंकर नगर भोपाल बताये.

**पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई 25,800 रुपये की नगदी, मोबाइल फोन, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और एक छुरी बरामद कर ली है. तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया .इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी, उपनिरीक्षक आनंदीलाल सूर्यवंशी, सहायक उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह, प्रधान आरक्षक दीपक उबनारे, ध्रुव सिंह, सुरेश गोहे, आरक्षक रामकरण शर्मा, भगवानदास, शैलेन्द्र सिंह, सौरभ रघुवंशी, राहुल रघुवंशी तथा थाना सलामतपुर के रंजीत धाकड़ की सराहनीय भूमिका रही.

## एक नजर में




## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का किया सम्मान

**बुधनी.** नगर के निजी शैक्षणिक संस्थान श्री शोभा इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया. इस दौरान नगर की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया. समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां जैसे गीत, नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए गए. साथ ही महिला सशक्तिकरण और समानता विषय पर जागरुकता सत्र भी आयोजित किया गया. कार्यक्रम में शिवानी यादव, रजनी हरदयाल सिंह आजाद, संगीता शर्मा, अलका देशमुख और नमिता तिवारी सहित प्राचार्या प्रीति प्रवाह, शिक्षिकाएं एवं स्टॉफ भी मौजूद था. इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला शिक्षकों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या प्रीति प्रवाह ने अतिथियों, शिक्षकों एवं स्टॉफ का आभार व्यक्त किया.

## तनुश्री राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में लेंगी भाग

**विदिशा,** राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में तनुश्री असाटी का चयन सम्राट अशोक टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका कुमारी तनुश्री असाटी का राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में चयन हुआ है.मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर चित्रकूट में 8 मार्च से 14 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा. इस नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में आयोजित गतिविधियों में भाग लेकर व्यक्तित्व विकास एवं सामुदायिक विकास के लिए कार्य करेंगे .इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉक्टर नवीन गोयल, कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार प्रजापति सहित अन्य स्टाफ और स्वयंसेवकों ने बधाई दी है.

## बलात्कार का आरोपी दोष मुक्त

**विदिशा,** न्यायालय द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कंचन सक्सेना द्वारा आरोपी इशांत चाबरिया के ऊपर उसी के समाज की एक युवती द्वारा आरोप लगाया गया था कि आरोपी इशांत चाबरिया उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता था एवं आरोपी द्वारा शादी से इनकार करने पर युवती ने उसके विरुद्ध बलात्कार का मुकदमा कोतवाली विदिशा में दर्ज करवाया था ,जिसका विचारण द्वितीय अतिरिक्त कंचन सक्सेना के न्यायालय में हुआ था.

# गैस सिलेंडर के दामों में हुई वृद्धि

नवभारत न्यूज

**विदिशा, भारत सरकार ने एक बार फिर रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है, जिससे आम उपभोक्ताओं और व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है.देर रात 12 बजे से घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 60 की वृद्धि लागू कर दी गई है.अब घरेलू गैस सिलेंडर 926 रुपये 50 पैसे में मिलेगा, जबकि इससे पहले इसकी कीमत 866 रुपये 50 पैसे थी.पिछले कुछ वर्षों में गैस सिलेंडर की कीमतों में कई बार बदलाव हुआ है.**

इस मामले में विदिशा गैस एजेन्सी के संचालक विवेक ठाकुर का कहना है कि पहले जहां नया सिलेण्डर बुक कराने की समय सीमा 10 दिन थी और उसके बाद ओटीपी मिलने के बाद एक या दो दिन में सिलेण्डर मिल जाता था लेकिन अब 25 दिन से पहले सिलेण्डर नहीं मिलेगा यानि की एक महिने में एक सिलेण्डर ही मिलेगा. भले ही सिलेण्डर 10 दिन में बुक हो जाये .परन्तु नया 25 दिन बाद ही मिलेगा .इस नये नियम से कई ऐसे परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है जिन परिवारों में सदस्य ज्यादा है और सिलेण्डर 10 से 15 दिन ही चलता है.

1 नवंबर 2023 को घरेलू सिलेंडर की कीमत 916 रुपये 50 पैसे थी. इसके बाद 1 अप्रैल 2024 को इसमें रु. 100 की कमी कर कीमत 816 रुपये 50 पैसे कर दी गई थी. फिर 8 अप्रैल 2025 को रु. 50 की बढ़ोतरी के साथ इसकी कीमत 866 रुपये 50 पैसे हो गई. अब 7 मार्च 2026 को एक बार फिर रु. 60 बढ़ाकर कीमत 926 रुपये 50 पैसे कर दी गई है.इसके साथ ही मध्य प्रदेश में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर (19 किलो) की कीमतों में भी 7 मार्च 2026 से 115 से 144 तक की बढ़ोतरी की गई है। प्रदेश के अलग-अलग शहरों में नई दरें लागू कर दी गई हैं. इस बढ़ोतरी से होटल, रेस्टोरेंट और छोटे व्यापारियों की लागत बढ़ने की संभावना है.लगातार बढ़ती महंगाई के बीच गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है.

## दो पक्षों में विवाद

**सुठालिया 07 मार्च, सं.** सुठालिया समीपवर्ती ग्राम रायपुरिया में शुक्रवार रात्रि में एक युवक द्वारा विवाहिता को भगा के ले जाने की घटना पर दो पक्षों में विवाद हो गया. विवाहिता के परिजनों ने युवक के परिजनों पर हमला बोल दिया. जिस पर पिता पुत्र सहित चार घायल हो गए. जिन्हें सुठालिया उपचार के पश्चात राजगढ़ रेफर किया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी तुफान पिता मौरसिंह राजपूत उम्र 60 वर्ष की रिपोर्ट पर आरोपी जसवंत प्रद्युमन, दोलत, कमल, समंदर, रामराज लोधी पर पुलिस ने बलवा मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है. पुलिस युवक व विवाहिता की सरगर्मी से तलाश कर रही है.

**आयोजन** 19 मार्च से चैत्र महोत्सव का होगा आयोजन

# 19 मार्च से अमरावती घाट के अंबा देवी मंदिर में चैत्र महोत्सव

**151 मीटर लंबी अर्पित की जायेगी चुनरी**

**19 से 27 मार्च तक चैत नवरात्रि में होगी साजसज्जा**

**मुलताई। प्रभातपट्टन ब्लाक के ग्राम अमरावती घाट में स्थित प्राचीन अंबा भवानी मंदिर में आगामी 19 मार्च से चैत्र महोत्सव का आयोजन होगा।**



19 मार्च से 27 मार्च तक चैत्र नवरात्रि के दौरान सेवा समूहों द्वारा मंदिर की सजा सज्जा,अभिषेक, माताजी का श्रृंगार किया जाएगा। समिति के राजकुमार संत और पांडुरंग वडुरकर ने बताया 29 मार्च को मंदिर परिसर में रात 8 बजे से 12 बजे तक गोंधल अम्बा भवानी सांभल गायन की प्रस्तुति वासुदेव गीतेकर द्वारा दी जाएंगी ।वही 30 मार्च को रात 9 बजे से 12 बजे तक सत्यपाल महाराज के शिष्य पवन पाल द्वारा ग्रामगीता समाज प्रबोधन कीर्तन की प्रस्तुति दी जाएगी।

31 मार्च को रात 9 बजे से आयोजित भजन संध्या में राधा कृष्ण भजन ग्रुप मंडई बुजुर्ग के गायक सुदामा यदुवंशी सहित अन्य गायक भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगें ।एक अप्रैल को रात 9 बजे से मां चामुंडा देवी भजन ग्रुप सारणी के संचालक महेश गोहे और साथियों द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

2 अप्रैल को रात 9 बजे से वर्धा महाराष्ट्र निवासी हर्षल महाराज वारकरी कीर्तन प्रस्तुत करेंगे।3 अप्रैल को रात 9 बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा ।कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि चौधरी मदन मोहन समर अंतु झक्कास,पुष्पक देशमुख सहित अन्य कवि कविता पाठ करेंगे। 4 अप्रैल को चैत्र महोत्सव के दौरान सुबह 9 बजे से आकर्षक झांकियां के साथ चुनरी यात्रा और शोभायात्रा का आयोजन होगा।

## डिवाइर से टकराई कार होटल संचालक की मौत

**गुना।** नेशनल हाईवे-46 पर शनिवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एमपी ढाबा और आरटीओ ऑफिस के समीप एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार सवार 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पाटई निवासी मृतक पुष्कर जैन पुत्र अनिल कुमार गैस की टंकी लेने के लिए जा रहे थे। दोपहर करीब 2 बजे जैसे ही उसकी कार नेशनल हाईवे-46 पर एमपी ढाबा के पास पहुँची, वाहन अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पुष्कर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।